Series : W2YXZ

SET ~ 3

रोल नं.

Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/2/3**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं ।
Please check that this question paper contains **31** printed pages.

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

~

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है : **भाग – क** तथा **भाग – ख** ।*

*(iii)* ***भाग – क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iv)* ***भाग – ख** के **दो** विकल्प हैं । परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

***विकल्प–I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***

***विकल्प–II : अभिकलित लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग–क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग–ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग–क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग–ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग–क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग–ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग–क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग–ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-**II** के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## भाग – क

## (साझेदारी फ़र्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. अखिल, बजरंग तथा चिन्मय एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । दिलावर को एक नये साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया गया । दिलावर ने अपने भाग का $\frac{1}{10}$ भाग अखिल से तथा $\frac{2}{10}$ भाग बजरंग से प्राप्त किया । दिलावर को फर्म में लाभों के निम्न में से किस भाग के लिए फर्म में प्रवेश दिया गया ?

(A) $\frac{1}{10}$ (B) $\frac{2}{10}$

(C) $\frac{3}{10}$ (D) $\frac{4}{10}$ **1**

**General Instructions :**

**Read the following instructions carefully and follow them :**

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *This question paper is divided into **two** Parts : **Part – A** and **Part – B**.*

*(iii)* ***Part – A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iv)* ***Part – B** has **two** options. Candidates must attempt only **one** of the given options.*

***Option-I : Analysis of Financial Statements***

***Option-II : Computerised Accounting***

*(v)* *Questions number **1** to **16** (Part-A) and Questions number **27** to **30** (Part-B) are multiple choice questions. Each question carries **1** mark.*

*(vi)* *Questions number **17** to **20** (Part-A) and Questions number **31** and **32** (Part-B) are Short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

*(vii)* *Questions number **21, 22** (Part-A) and Question number **33** (Part-B) are Long answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

*(viii)* *Questions number **23** to **26** (Part-A) and Question number **34** (Part-B) are Long answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

## PART – A
## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. Akhil, Bajrang and Chinmay were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Dilawar was admitted as a new partner in the firm. Dilawar acquired his $\frac{1}{10}^{th}$ share from Akhil and $\frac{2}{10}^{th}$ from Bajrang.

Dilwar was admitted for which of the following share in the profits of the firm ?

(A) $\frac{1}{10}$ (B) $\frac{2}{10}$

(C) $\frac{3}{10}$ (D) $\frac{4}{10}$ **1**

2. एकता, फागुनी तथा गरिमा एक फर्म की साझेदार थीं तथा 5 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । फागुनी को फर्म के लाभों में उसके भाग के लिए ₹ 25,000 की गारंटी दी गयी थी । इस कारण हुई किसी भी कमी को एकता द्वारा वहन किया जाना था । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म ने ₹ 90,000 का लाभ कमाया ।

फागुनी के पूँजी खाते में क्रेडिट किया गया लाभ था :

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 40,000
(C) ₹ 25,000 (D) ₹ 10,000 1

3. सुहास तथा विलास एक फर्म के साझेदार थे और उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 4,00,000 तथा ₹ 3,00,000 थी । उन्होंने भविष्य के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए प्रभास को एक नया साझेदार बनाया । प्रभास अपनी पूँजी के रूप में ₹ 2,00,000 लाया । ख्याति में प्रभास का भाग होगा :

(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 10,00,000
(C) ₹ 9,00,000 (D) ₹ 20,000 1

4. राधिका, मेहर तथा शुभा एक फर्म के साझेदार थे तथा 9 : 8 : 7 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । यदि वर्ष के अन्त में लाभ में राधिका के भाग की राशि ₹ 5,40,000 थी तो शुभा के लाभ की राशि होगी :

(A) ₹ 5,40,000 (B) ₹ 4,80,000
(C) ₹ 60,000 (D) ₹ 4,20,000 1

5. नंदिता तथा प्रभा एक फर्म की साझेदार थीं । नंदिता ने वर्ष में व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹ 3,00,000 का आहरण किया । साझेदारी संलेख में आहरण पर 10% वार्षिक दर से ब्याज लगाने का प्रावधान है । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नंदिता के आहरण पर ब्याज होगा :

(A) ₹ 9,000 (B) ₹ 30,000
(C) ₹ 18,000 (D) ₹ 15,000 1

6. काजल तथा लौरा एक फर्म की साझेदार थीं तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । उन्होंने भविष्य के लाभ में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए मैडी को साझेदार बनाया । मैडी अपनी पूँजी के रूप में ₹ 8,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के रूप में ₹ 4,00,000 लाया । काजल, लौरा तथा मैडी ने भविष्य में लाभों को 2 : 1 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । ख्याति, परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकन आदि से संबंधित सभी समायोजनों के पश्चात् काजल की पूँजी ₹ 15,00,000 तथा लौरा की पूँजी ₹ 8,00,000 थी । यह निर्णय लिया गया कि मैडी की पूँजी को आधार मानकर साझेदारों की पूँजी उनके नये लाभ विभाजन अनुपात में होगी । समायोजन, आवश्यकतानुसार नगद लाकर अथवा आहरण के द्वारा किया गया । काजल द्वारा लायी गयी नगद राशि थी :

(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 8,00,000
(C) ₹ 16,00,000 (D) ₹ 12,00,000 1

2. Ekta, Faguni and Garima were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 1. Faguni was guaranteed ₹ 25,000 as her share of profit in the firm. Any deficiency arising on that account was to be met by Ekta. The firm earned a profit of ₹ 90,000 for the year ended 31st March, 2024.
The profit credited to Faguni's capital account was :
(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 40,000
(C) ₹ 25,000 (D) ₹ 10,000 1

3. Suhas and Vilas were partners in a firm with capitals of ₹ 4,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. They admitted Prabhas as a new partner for $\frac{1}{5}^{\text{th}}$ share in future profits. Prabhas brought ₹ 2,00,000 as his capital. Prabhas' share of goodwill will be :
(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 10,00,000
(C) ₹ 9,00,000 (D) ₹ 20,000 1

4. Radhika, Mehar and Shubha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 9 : 8 : 7. If Radhika's share of profit at the end of the year amounted to ₹ 5,40,000, Shubha's share of profit will be :
(A) ₹ 5,40,000 (B) ₹ 4,80,000
(C) ₹ 60,000 (D) ₹ 4,20,000 1

5. Nandita and Prabha were partners in a firm. Nandita withdrew ₹ 3,00,000 during the year for personal use. The partnership deed provides for charging interest on drawings @ 10% p.a. Interest on Nandita's drawings for the year ended 31st March, 2024 will be :
(A) ₹ 9,000 (B) ₹ 30,000
(C) ₹ 18,000 (D) ₹ 15,000 1

6. Kajal and Laura were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. They admitted Maddy for $\frac{1}{4}^{\text{th}}$ share in future profits. Maddy brought ₹ 8,00,000 as his capital and ₹ 4,00,000 as his share of premium for goodwill. Kajal, Laura and Maddy decided to share profits in future in the ratio of 2 : 1 : 1. After all adjustments in respect of goodwill, revaluation of assets and liabilities etc. Kajal's capital was ₹ 15,00,000 and Laura's capital was ₹ 8,00,000. It was agreed that partners' capitals should be in proportion to their new profit sharing ratio taking Maddy's capital as base. The adjustment was made by bringing in or withdrawing the necessary cash as the case may be. The cash brought in by Kajal was :
(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 8,00,000
(C) ₹ 16,00,000 (D) ₹ 12,00,000 1

7. पुलकित तथा रविंदर एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । सिकंदर को फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया गया । पुलकित, रविंदर तथा सिकंदर ने भविष्य में लाभों को 2 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । सिकंदर ₹ 5,00,000 अपनी पूँजी के रूप में तथा ₹ 10,00,000 ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के रूप में लाया । ख्याति प्रीमियम की वह राशि जो पुराने साझेदारों के पूँजी खाते में क्रेडिट की जायेगी, होगी :

(A) पुलकित का पूँजी खाता ₹ 10,00,000
(B) पुलकित का पूँजी खाता ₹ 6,00,000 तथा रविंदर का पूँजी खाता ₹ 4,00,000
(C) पुलकित का पूँजी खाता ₹ 5,00,000 तथा रविंदर का पूँजी खाता ₹ 5,00,000
(D) पुलकित का पूँजी खाता ₹ 2,00,000 **1**

8. एक कम्पनी द्वारा चयनित लोगों के समूह को प्रतिभूतियों के अभिदान का प्रस्ताव या निमन्त्रण (जनता को प्रस्ताव के तरीके के अतिरिक्त) जाना जाता है :

(A) स्वैट इक्विटी (B) निगमन लागत
(C) अंशों का निजी आबंटन (D) कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन प्लान **1**

9. अजय लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 100 अंशों का हरण, ₹ 1 प्रति अंश की प्रथम याचना तथा ₹ 3 प्रति अंश की दूसरी तथा अन्तिम याचना का भुगतान न करने पर कर लिया । प्रति अंश न्यूनतम मूल्य जिस पर इन अंशों का पुनः निर्गमन किया जा सकता है, होगा :

(A) ₹ 6 (B) ₹ 4
(C) ₹ 10 (D) ₹ 16 **1**

10. **अभिकथन (A) :** एक साझेदारी फर्म में साझेदारों की अधिकतम संख्या 50 होती है ।
**कारण (R) :** कम्पनी अधिनियम 2013 के आधार पर केन्द्र सरकार एक फर्म के सदस्यों की अधिकतम संख्या निर्धारित करने के लिए अधिकृत होती है । केन्द्र सरकार ने एक फर्म के सदस्यों की अधिकतम संख्या 50 निर्धारित की है ।

निम्न में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) का सही वर्णन है ।
(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) का सही वर्णन नहीं है ।
(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है ।
(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों असत्य हैं । **1**

11. वायने, शान तथा ब्रयान एक फर्म के साझेदार थे । शान ने फर्म को ₹ 1,00,000 का एक ऋण दिया हुआ था । 31 मार्च, 2024 को फर्म का विघटन हो गया । विभिन्न परिसम्पत्तियों (नगद तथा बैंक में नगद को छोड़कर) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में हस्तांतरित करने के पश्चात् शान ने ₹ 90,000 पुस्तक मूल्य का फर्नीचर अपने ऋण के आंशिक निपटान हेतु ले लिया । शान के ऋण खाते की शेष राशि के भुगतान के लिए बैंक खाते को क्रेडिट किया जायेगा :

(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 90,000
(C) ₹ 1,90,000 (D) ₹ 10,000 **1**

7. Pulkit and Ravinder were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Sikander was admitted as a new partner for $\frac{1}{5}^{\text{th}}$ share in the profits of the firm. Pulkit, Ravinder and Sikander decided to share future profits in the ratio of 2 : 2 : 1. Sikander brought ₹ 5,00,000 as his capital and ₹ 10,00,000 as his share of premium for goodwill. The amount of premium for goodwill that will be credited to the old partners' capital accounts will be :

(A) Pulkit's Capital Account ₹ 10,00,000

(B) Pulkit's Capital Account ₹ 6,00,000 and Ravinder's Capital Account ₹ 4,00,000

(C) Pulkit's Capital Account ₹ 5,00,000 and Ravinder's Capital Account ₹ 5,00,000

(D) Pulkit's Capital Account ₹ 2,00,000 **1**

8. Offer of securities or invitation to subscribe securities to a select group of persons by a company (other than by way of public offer) is known as :

(A) Sweat equity (B) Incorporation cost

(C) Private placement of shares (D) Employee stock option plan **1**

9. Ajay Ltd. forfeited 100 shares of ₹ 10 each for non-payment of first call of ₹ 1 per share and second and final call of ₹ 3 per share. The minimum price per share at which these shares can be reissued will be :

(A) ₹ 6 (B) ₹ 4

(C) ₹ 10 (D) ₹ 16 **1**

10. **Assertion (A) :** The maximum number of partners in a partnership firm is 50.

**Reason (R) :** By virtue of the Companies Act 2013, the Central Government is empowered to prescribe maximum number of partners in a firm. The Central Government has prescribed the maximum number of partners in a firm to be 50.

Choose the correct option from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are false. **1**

11. Wayne, Shaan and Bryan were partners in a firm. Shaan had advanced a loan of ₹ 1,00,000 to the firm. On 31$^{st}$ March, 2024 the firm was dissolved. After transferring various assets (other than cash & bank) and outside liabilities to Realisation Account, Shaan took over furniture of book value of ₹ 90,000 in part settlement of his loan amount. For the payment of balance amount of Shaan's loan Bank Account will be credited with :

(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 90,000

(C) ₹ 1,90,000 (D) ₹ 10,000 **1**

12. (a) लैटवियन लिमिटेड की पुस्तकों में निम्न रोजनामचा प्रविष्टि दर्शायी गयी है :

| तिथि | विवरण | | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| | बैंक खाता.......... | नाम | 4,75,000 | |
| | ऋणपत्र निर्गमन हानि खाता......... | नाम | 75,000 | |
| | 12% ऋणपत्र खाता | | | 5,00,000 |
| | ऋणपत्र शोधन प्रीमियम खाता | | | 50,000 |

ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा है :

(A) 15% (B) 5%

(C) 10% (D) 95% **1**

**अथवा**

(b) 1 अप्रैल, 2023 को जेबा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 15,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया । इसके प्रतिभूति प्रीमियम खाते में ₹ 1,00,000 का शेष था । ऋणपत्रों के निर्गमन पर ₹ 1,50,000 के बट्टे को अपलिखित किया जायेगा :

(A) ₹ 1,00,000 प्रतिभूति प्रीमियम खाते से तथा ₹ 50,000 लाभ-हानि विवरण से

(B) ₹ 50,000 प्रतिभूति प्रीमियम खाते से तथा ₹ 1,00,000 लाभ-हानि विवरण से

(C) ₹ 1,50,000 प्रतिभूति प्रीमियम खाते से

(D) ₹ 1,50,000 लाभ-हानि विवरण से **1**

13. (a) अनीशा, दीपा तथा चारू एक फर्म की साझेदार थीं तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । 31 मार्च, 2024 को उन्होंने अपने लाभ-विभाजन अनुपात को 2 : 3 : 5 में बदलने का निर्णय किया । लाभ-विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण प्रत्येक साझेदार का अधिलाभ अथवा त्याग होगा :

(A) अनीशा का त्याग $\frac{3}{10}$ ; चारू का अधिलाभ $\frac{3}{10}$

(B) अनीशा का अधिलाभ $\frac{3}{10}$ ; चारू का त्याग $\frac{3}{10}$

(C) अनीशा का त्याग $\frac{3}{10}$ ; दीपा का अधिलाभ $\frac{3}{10}$

(D) दीपा का अधिलाभ $\frac{3}{10}$ ; चारू का त्याग $\frac{3}{10}$ **1**

**अथवा**

12. (a) The following journal entry appears in the books of Latvion Ltd. :

| Date | Particulars | Dr. Amount (₹) | Cr. Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| | Bank A/c ........ Dr. | 4,75,000 | |
| | Loss on issue of debentures A/c ........ Dr. | 75,000 | |
| | To 12% Debentures A/c | | 5,00,000 |
| | To Premium on Redemption of Debentures A/c | | 50,000 |

The discount on issue of debentures is :

(A) 15% (B) 5%

(C) 10% (D) 95% **1**

**OR**

(b) Zeba Limited issued 15,000, 9% debentures of ₹ 100 each at 10% discount on 1st April, 2023. It has a balance of ₹ 1,00,000 in Securities Premium Account. The 'Discount on issue of Debentures' of ₹ 1,50,000 will be written off :

(A) ₹ 1,00,000 out of Securities Premium Account and ₹ 50,000 out of Statement of Profit and Loss

(B) ₹ 50,000 out of Securities Premium Account and ₹ 1,00,000 out of Statement of Profit and Loss

(C) ₹ 1,50,000 out of Securities Premium Account

(D) ₹ 1,50,000 out of Statement of Profit and Loss **1**

13. (a) Anisha, Deepa and Charu were partners sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31st March, 2024, they decided to change their profit-sharing ratio to 2 : 3 : 5. Each partner's gain or sacrifice due to change in profit-sharing ratio will be :

(A) Anisha's sacrifice $\frac{3}{10}$; Charu's gain $\frac{3}{10}$

(B) Anisha's gain $\frac{3}{10}$; Charu's sacrifice $\frac{3}{10}$

(C) Anisha's sacrifice $\frac{3}{10}$; Deepa's gain $\frac{3}{10}$

(D) Deepa's gain $\frac{3}{10}$; Charu's sacrifice $\frac{3}{10}$ **1**

**OR**

(b) प्रीत तथा सरल एक फर्म की साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटती थीं । 31 मार्च, 2024 को उन्होंने अपने लाभ–विभाजन अनुपात को 1 : 1 में बदलने का निर्णय लिया । पुनर्गठन की तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,00,000 किया गया । लाभ–विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण ख्याति के लेखांकन की रोजनामचा प्रविष्टि होगी :

| | विवरण | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | प्रीत का पूँजी खाता............. नाम | 1,00,000 | |
| | सरल का पूँजी खाता | | 1,00,000 |
| (B) | सरल का पूँजी खाता........... नाम | 1,00,000 | |
| | प्रीत का पूँजी खाता | | 1,00,000 |
| (C) | प्रीत का पूँजी खाता............ नाम | 10,000 | |
| | सरल का पूँजी खाता | | 10,000 |
| (D) | सरल का पूँजी खाता............ नाम | 10,000 | |
| | प्रीत का पूँजी खाता | | 10,000 |

1

14. (a) ईशान, जतिन तथा कपिल एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । जतिन सेवा–निवृत्त हो गया तथा उसका भाग ईशान तथा कपिल ने 1 : 1 के अनुपात में ले लिया । जतिन की सेवा–निवृत्ति के पश्चात् ईशान तथा कपिल का नया लाभ–विभाजन अनुपात होगा :

(A) 5 : 1 (B) 1 : 1
(C) 5 : 4 (D) 7 : 3 1

**अथवा**

(b) साक्षी, कियारा तथा गुंजन एक फर्म की साझेदार थीं तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटती थीं । 1-4-2023 को कियारा सेवा–निवृत्त हो गयी । सभी समायोजनों के पश्चात् कियारा को ₹ 5,00,000 की राशि देय थी । राशि का भुगतान ₹ 2,50,000 की दो वार्षिक किस्तों में अदत्त राशि पर 10% वार्षिक दर से ब्याज सहित देय था । 31-03-2024 को प्रथम किस्त के भुगतान की राशि होगी :

(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 2,75,000
(C) ₹ 5,50,000 (D) ₹ 2,50,000 1

15. (a) अंश पूँजी की वह राशि जिसे एक कम्पनी अपने संस्था के बहिर्नियम के अनुसार निर्गमित करने के लिए अधिकृत होती है, _________ कहलाती है ।

(A) नाममात्र की पूँजी (B) निर्गमित पूँजी
(C) संचित पूँजी (D) अभिदत्त पूँजी 1

**अथवा**

(b) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) के निर्देशानुसार पूँजी का न्यूनतम अभिदान ________ के 90% से कम नहीं हो सकता है ।

(A) अधिकृत पूँजी (B) निर्गमित पूँजी
(C) संचित पूँजी (D) अभिदत्त पूँजी 1

(b) Preet and Saral were partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 31st March, 2024 they decided to change their profit sharing ratio to 1 : 1. On the date of reconstitution goodwill of the firm was valued at ₹ 1,00,000. The journal entry for treatment of goodwill on account of change in profit-sharing ratio will be :

| | Particulars | Dr. Amount (₹) | Cr. Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | Preet's Capital A/c ........ Dr. | 1,00,000 | |
| | To Saral's Capital A/c | | 1,00,000 |
| (B) | Saral's Capital A/c ........ Dr. | 1,00,000 | |
| | To Preet's Capital A/c | | 1,00,000 |
| (C) | Preet's Capital A/c ........ Dr. | 10,000 | |
| | To Saral's Capital A/c | | 10,000 |
| (D) | Saral's Capital A/c ........ Dr. | 10,000 | |
| | To Preet's Capital A/c | | 10,000 |

1

14. (a) Ishan, Jatin and Kapil were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 4 : 1. Jatin retired and his share was taken up by Ishan and Kapil in the ratio 1 : 1. The new profit-sharing ratio between Ishan and Kapil after Jatin's retirement will be :

(A) 5 : 1 (B) 1 : 1
(C) 5 : 4 (D) 7 : 3 1

**OR**

(b) Sakshi, Kiara and Gunjan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Kiara retired on 1-4-2023. After all adjustments the amount due to Kiara was ₹ 5,00,000. The payment was to be made in two yearly instalments of ₹ 2,50,000 each plus interest @ 10% per annum on the unpaid balance. The amount of first instalment paid on 31-03-2024 will be :

(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 2,75,000
(C) ₹ 5,50,000 (D) ₹ 2,50,000 1

15. (a) The amount of share capital which a company is authorised to issue by its Memorandum of Association is known as _________.

(A) Nominal capital (B) Issued capital
(C) Reserve capital (D) Subscribed capital 1

**OR**

(b) According to Securities and Exchange Board of India (SEBI), guidelines, minimum subscription of capital cannot be less than 90% of _____________.

(A) Authorised capital (B) Issued capital
(C) Reserve capital (D) Subscribed capital 1

16. (a) ऐसे ऋणपत्र जिन पर कम्पनी उधार लिए गये धन के पुनर्भुगतान का कोई वचन नहीं देती है, कहलाते हैं :

(A) धारक ऋणपत्र (B) सुरक्षित ऋणपत्र
(C) स्थायी ऋणपत्र (D) पंजीकृत ऋणपत्र 1

**अथवा**

(b) यदि एक कम्पनी द्वारा निर्गमित ऋणपत्रों की राशि उसके द्वारा अधिग्रहण की गयी शुद्ध परिसम्पत्तियों की राशि से अधिक है, तो अन्तर को माना जायेगा :

(A) पूँजी संचय (B) ख्याति
(C) क्रय प्रतिफल (D) सामान्य संचय 1

17. रंभा तथा उर्वशी एक फर्म के साझेदार थीं तथा 13 : 12 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । 1 अप्रैल, 2024 से उन्होंने भविष्य के लाभों व हानि को 12 : 13 के अनुपात में बाँटने का निर्णय किया । इस तिथि को उनका स्थिति विवरण विज्ञापन उचंत खाते में ₹ 2,50,000 का नाम शेष तथा आकस्मिक संचय में ₹ 5,00,000 का शेष दर्शा रहा था । साझेदारों ने विज्ञापन उचंत खाते के शेष को अपलिखित करने का निर्णय लिया, परन्तु आकस्मिक संचय को विभाजित न करने का निर्णय लिया ।
फर्म के पुनर्गठन पर उपरोक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपना कार्य स्पष्टता से दर्शाइये । 3

18. लव तथा कुश एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2024 को लाभों में $\frac{2}{9}$ भाग के लिए रिषी को एक नया साझेदार बनाया गया जो उसने लव तथा कुश से बराबर-बराबर अधिग्रहण किया । रिषी के प्रवेश की तिथि पर लव तथा कुश का स्थिति विवरण ₹ 9,00,000 के देनदार तथा ₹ 90,000 का डूबत तथा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान दर्शा रहा था ।
रिषी के प्रवेश की तिथि पर निम्न प्रत्येक स्थिति में डूबत तथा संदिग्ध ऋणों के प्रावधान के लेखांकन की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 60,000 के डूबत ऋण थे ।
(ii) ₹ 90,000 के डूबत ऋण थे ।
(iii) ₹ 1,00,000 के डूबत ऋण थे । 3

19. (a) अपूर्व लिमिटेड ने ध्रुव लिमिटेड से ₹ 15,50,000 का भवन, ₹ 11,40,000 की मशीनरी तथा ₹ 1,10,000 के फर्नीचर तथा ₹ 2,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 25,00,000 के क्रय प्रतिफल पर किया । अपूर्व लिमिटेड ने क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 12% ऋणपत्रों को 25% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया ।
उपरोक्त लेनदेनों के लिए अपूर्व लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

**अथवा**

(b) अजंता लिमिटेड ने सुजाता लिमिटेड से ₹ 36,00,000 की मशीनरी खरीदी । अजंता लिमिटेड ने सुजाता लिमिटेड को राशि के आधे भाग का भुगतान एक बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से किया तथा शेष का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 8% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया ।
उपरोक्त लेनदेनों की अजंता लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

16. (a) Debentures on which a company does not give any undertaking for the repayment of money borrowed are called :

(A) Bearer Debentures (B) Secured Debentures
(C) Perpetual Debentures (D) Registered Debentures **1**

**OR**

(b) If the amount of debentures issued is more than the amount of the net assets taken over by a company, the difference will be treated as :

(A) Capital Reserve (B) Goodwill
(C) Purchase Consideration (D) General Reserve **1**

17. Rambha and Urvashi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 13 : 12. From 1st April, 2024, they decided to share future profits and losses in the ratio of 12 : 13. On this date, their balance sheet showed a debit balance of ₹ 2,50,000 in Advertising Suspense Account and a balance of ₹ 5,00,000 in Contingency Reserve. Partners decide to write off the balance of the Advertising Suspense Account but decided not to distribute Contingency Reserve.
Pass necessary journal entries for the above transactions on the reconstitution of the firm. Show your working clearly. **3**

18. Luv and Kush were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 4. On 1st April, 2024, Rishi was admitted as a new partner for $\frac{2}{9}^{th}$ share in profits which he acquired equally from Luv and Kush. On the date of Rishi's admission, the Balance Sheet of Luv and Kush showed debtors of ₹ 9,00,000 and provision for bad and doubtful debts of ₹ 90,000.
Pass necessary journal entries for treatment of provision for bad and doubtful debts on the date of Rishi's admission in each of the following cases :

(i) Bad debts amounted to ₹ 60,000.
(ii) Bad debts amounted to ₹ 90,000.
(iii) Bad debts amounted to ₹ 1,00,000. **3**

19. (a) Apoorv Ltd. acquired building worth ₹ 15,50,000, Machinery worth ₹ 11,40,000 and Furniture worth ₹ 1,10,000 from Dhruv Ltd. and took over its liabilities of ₹ 2,00,000 for a purchase consideration of ₹ 25,00,000. Apoorv Ltd. paid the purchase consideration by issuing 12% debentures of ₹ 100 each at a premium of 25%.
Pass the necessary journal entries in the books of Apoorv Ltd. for the above transactions. **3**

**OR**

(b) Ajanta Ltd. purchased machinery worth ₹ 36,00,000 from Sujata Ltd. Ajanta Ltd. paid half the amount to Sujata Ltd. through a bank draft and the balance by issuing 8% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%.
Pass the necessary journal entries in the books of Ajanta Ltd. for the above transactions. **3**

20. (a) 1 अक्टूबर, 2023 को आकाश तथा बादल ने क्रमशः ₹ 80,00,000 तथा ₹ 60,00,000 की पूँजी के साथ साझेदारी में प्रवेश किया । उन्होंने लाभ एवं हानि को बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय किया । साझेदारी संलेख के प्रावधानों के अनुसार साझेदारों को पूँजी पर 10% वार्षिक ब्याज का हक था । बादल को यह गारंटी दी गयी कि पूँजी पर ब्याज लगाने के पश्चात् लाभ में उसका भाग प्रतिवर्ष ₹ 7,00,000 से कम नहीं होगा ।
इस कारण हुई किसी भी कमी का वहन आकाश करेगा । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 13,00,000 था ।
31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । 3

**अथवा**

(b) पारूल तथा राजुल एक फर्म की साझेदार थीं तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ एवं हानि बाँटती थीं । 1 अप्रैल, 2023 को उनके स्थायी पूँजी खातों के शेष : पारूल ₹ 6,00,000 तथा राजुल ₹ 8,00,000 थे । साझेदारी संलेख में पूँजी पर 12% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान था । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 1,26,000 था ।
31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । अपना कार्य स्पष्टता से दर्शाइए । 3

21. स्वर संगम लिमिटेड ने ₹ 500 प्रत्येक के 3,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया ।
राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :
आवेदन पर – ₹ 200 प्रति ऋणपत्र
आबंटन पर – शेष (प्रीमियम सहित)
ऋणपत्र पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गये तथा सभी देय राशि विधिवत प्राप्त हो गयी ।
स्वर संगम लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 4

22. सिमर, तन्वी तथा उमरा एक फर्म की साझेदार थीं तथा 5 : 6 : 9 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2024 को सिमर, तन्वी तथा उमरा का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | स्थायी परिसम्पत्तियाँ | 25,00,000 |
| सिमर | 13,00,000 | | स्टॉक | 10,00,000 |
| तनवी | 12,00,000 | | देनदार | 8,00,000 |
| उमरा | 14,00,000 | 39,00,000 | नगद | 7,00,000 |
| सामान्य संचय | | 7,00,000 | लाभ-हानि खाता | |
| व्यापारिक देय | | 6,00,000 | (2023-24) | 2,00,000 |
| | | **52,00,000** | | **52,00,000** |

20. (a) Aakash and Baadal entered into partnership on 1st October, 2023 with the capitals of ₹ 80,00,000 and ₹ 60,00,000 respectively. They decided to share profits and losses equally. Partners were entitled to interest on capital @ 10% per annum as per the provisions of the partnership deed.
Baadal is given a guarantee that his share of profit, after charging interest on capital will not be less than ₹ 7,00,000 per annum.
Any deficiency arising on that account shall be met by Aakash. The profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 amounted to ₹ 13,00,000.
Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2024. **3**

**OR**

(b) Parul and Rajul were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. The balance in their fixed capital accounts on 1st April, 2023 were : Parul ₹ 6,00,000 and Rajul ₹ 8,00,000. The partnership deed provided for allowing interest on capital at 12% per annum. The net profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 was ₹ 1,26,000.
Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2024. Show your working clearly. **3**

21. Swar Sangam Limited issued 3,000, 9% debentures of ₹ 500 each at a premium of 10%. The amount was payable as follows :
On Application – ₹ 200 per debenture
On Allotment – Balance (including premium)
The debentures were fully subscribed and all amounts were duly received.
Pass the necessary journal entries for issue of debentures in the books of Swar Sangam Limited. **4**

22. Simar, Tanvi and Umara were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 6 : 9. On 31st March, 2024 their Balance Sheet was as follows :

**Balance sheet of Simar, Tanvi and Umara as at 31st March, 2024**

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Capitals : | | Fixed Assets | 25,00,000 |
| Simar 13,00,000 | | Stock | 10,00,000 |
| Tanvi 12,00,000 | | Debtors | 8,00,000 |
| Umara 14,00,000 | 39,00,000 | Cash | 7,00,000 |
| General Reserve | 7,00,000 | Profit and Loss Account | |
| Trade Payables | 6,00,000 | (2023-24) | 2,00,000 |
| | **52,00,000** | | **52,00,000** |

30 जून, 2024 को उमरा की मृत्यु हो गयी । किसी साझेदार की मृत्यु पर साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान था :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले 5 वर्षों के औसत लाभ के 3 वर्षों के क्रय के आधार पर किया जायेगा । पिछले चार वर्षों के लाभ/हानि थे :

2022-23 : ₹ 3,10,000 (हानि) 2021-22 : ₹ 3,00,000 (लाभ)

2020-21 : ₹ 4,00,000 (लाभ) 2019-20 : ₹ 2,50,000 (लाभ)

(ii) मृत्यु की तिथि तक लाभ अथवा हानि में उमरा के भाग की गणना 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लाभ अथवा हानि के आधार पर की जानी थी ।

(a) फर्म की ख्याति की गणना कीजिए ।

(b) उमरा की मृत्यु पर ख्याति के लेखांकन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए ।

(c) मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ अथवा हानि में उमरा के भाग की गणना कीजिए ।

(d) मृत्यु की तिथि तक लाभ अथवा हानि में उमरा के भाग का लेखा करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । **4**

23. प्रीति, वर्षा तथा कमला की फर्म के विघटन पर विभिन्न परिसम्पत्तियों (नगद को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं को वसूली खाते में हस्तांतरित करने के पश्चात् निम्न लेनदेनों की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) प्रीति ने ₹ 90,000 पुस्तक मूल्य के देनदारों को 20% बट्टे पर ले लिया ।

(ii) कमला ने अपने पति का ₹ 4,00,000 का ऋण ले लिया ।

(iii) स्टार लिमिटेड में ₹ 2,00,000 की लागत पर खरीदे गये ₹ 10 प्रत्येक के 100 अंश थे जिन्हें पुस्तकों से पूर्ण रूप से अपलिखित कर दिया गया था । इन अंशों का मूल्यांकन ₹ 2,400 प्रति अंश किया गया तथा इन्हें साझेदारों में उनके लाभ विभाजन अनुपात में बाँट दिया गया ।

(iv) ₹ 5,00,000 के विभिन्न लेनदारों का निपटान 10% के बट्टे पर किया गया ।

(v) ₹ 40,00,000 पुस्तक मूल्य के भूमि तथा भवन को एक दलाल के माध्यम से ₹ 60,00,000 में बेच दिया गया, उसने 5% कमीशन लिया ।

